श्री विपिन रामन मेनोथ

यातायात प्रबंधक

श्री विपिन रामन मेनोथ ने मुंबई पत्तन प्राधिकरण में यातायात प्रबंधक के पद का कार्यभार 15.07.2025 से ग्रहण किया ।

श्री मेनोथ ने स्वीडन की वर्ल्ड मेरीटाइम यूनिवर्सिटी से ऑनर्स किया है तथा मास्टर ऑफ़ साइंस - मेरीटाइम अफेयर्स (पत्तन प्रबंधन) की उपाधि प्राप्त की है।

उनकी अन्य योग्यताओं में व्यापार प्रबंधन में स्नातक की उपाधि, व्यापार प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, विधि में स्नातक उपाधि, और परिवहन अर्थशास्त्र एवम प्रबंधन में डिप्लोमा शामिल हैं।

श्री मेनोथ के पास विभिन्न क्षेत्रों में काम करने का 36 वर्षों का अनुभव है, जिसमें डेयरी सहकारी समितियों के साथ 4 वर्ष, सरकारी विभाग में 2 वर्ष और अवसंरचना/परिवहन (पत्तन क्षेत्र) में 30 वर्षों का अनुभव शामिल है।

इन्हें तीन सरकारी पत्तनों (कोचिन, मुरगांव और मुंबई) तथा अफ्रीका में निजी पत्तन परियोजनाओं में काम करने का अनुभव है। कोचिन पत्तन प्राधिकरण में 26.07.1996 से 14.07.2025 तक वित्त, प्रशासन और यातायात विभाग में कार्य किया और कुछ समय के लिए उपाध्यक्ष का पदभार भी संभाला। इसी बीच उन्होंने 18.12.2014 से 26.02.2020 तक मुरगांव पत्तन प्राधिकरण में यातायात प्रबंधक और अप्रैल 2010 से जनवरी 2012 तक अफ्रीका के एस्सार पोर्ट्स में उपाध्यक्ष (अंतराष्ट्रीय व्यापार) का कार्यभार भी संभाला।

श्री मेनोथ कोचीन, मुरगांव, चबहर - ईरान, बीएरा - मोज़म्बीक और मोम्बासा - केन्या के विभिन्न पत्तन परियोजनाओं से भी जुड़े रहे। वे अज़रबैजान के बाकू में शोधार्थी के रूप में जुड़े रहे और उन्होनें पत्तनों में क्रूज़ और बन्करिंग के व्यवसाय को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री मेनोथ ने जून 1990 में नेशनल डेयरी फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (अमूल) में एक कार्यकारी के रूप में अपना करियर आरम्भ किया और मई 1994 से जुलाई 1996 के बीच सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क विभागों में भी अपनी सेवाएं दी।